# नोडल अधिकारी ने नगर निगम की सफाई व्यवस्था की सराहना की








शेखर टाइम्स संवाददाता /

**शाहजहाँपुर।** नोडल अधिकारी जितेन्द्र कुमार, प्रमुख सचिव द्वारा नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत स्थित वार्ड भारद्वाजी में मलिन बस्ती एवं नगर में अन्य विकास कार्यो का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रमुख सचिव ने साफ-सफाई व्यवस्था के तहत नगर निगम के द्वारा किये जा रहें कार्यो की प्रंशसा की गई व नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा द्वारा नगर में कराये जा रहें विकास कार्यो की सराहना की गई।

निरीक्षण के समय प्रमुख सचिव ने मो- भारद्वाजी में बने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण कर स्कूल के कायाकल्प के तहत स्कूल में कार्य कराये जाने हेतु संबन्धित को निर्देशित किया। प्रमुख सचिव द्वारा हनुमतधाम स्थल का निरीक्षण किया गया। कवि तिराहे के पास बने प्रेस क्लब का निरीक्षण कर प्रेस क्लब में हो रहें निर्माण कार्य को देखा गया। प्रमुख सचिव ने न्यू सिटी (ककरा) में अजीजगंज तक बने रहें पुल का निरीक्षण किया व पुल के निर्माण कार्य में उपयोग हो रही सामग्री की गुणवत्ता को देखा गया। नगर क्षेत्र के नवादा में सखी वन स्टॉफसेन्टर का निरीक्षण किया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रामसेवक द्विवेदी, सहायक नगर आयुक्त रश्मि भारती, अंगद गुप्ता, सिटी मजिस्ट्रेट राजेश कुमार, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ0 वीरेन्द्र कुमार वर्मा उपस्थित रहे।